सोमवार
21 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


25 नवंबर तक गेहूं की बुआई करने पर उत्पादन में होगी वृद्धि : कृषि वैज्ञानिक 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


फार्मा पार्क की स्थापना के लिए जमीन खरीद पर 50 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी

# योगी का एलान : यूपी के 5 जिलों में फार्मा पार्क बनाएगी सरकार

- गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और हापुड़ में फार्मा पार्क का होगा निर्माण
- गौतमबुद्ध नगर में बनाया जाएगा मेडिकल डिवाइस पार्क

**एजेंसी/उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश के मध्य और पश्चिमी यूपी को फार्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क के रूप में विकसित करेगी। मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने के लिए गौतमबुद्धनगर को चुना गया है। इसके लिए गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में फार्मा पार्क का निर्माण किया जाएगा।

इतना ही नहीं योगी सरकार फार्मा पार्क में जमीन खरीदने पर कंपनी को बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके साथ ही कंपनी को कुल लागत पर 15 प्रतिशत सब्सिडी के साथ स्टांप शुल्क पर भी छूट दी जा सकती है। यूपी में बने मेडिकल डिवाइस और दवाओं को जर्मनी, फ्रांस, साउथ एशिया और यूएसए में सप्लाई किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक में रविवार को कहा कि वर्तमान में मेडिकल इंडस्ट्री में काफी अवसर हैं क्योंकि यह हाईटेक और डिमांडिंग इंडस्ट्री है। पूरे देश में यूपी में सबसे ज्यादा सालाना लगभग 74 हजार फार्मा ग्रेजुएशन की पढ़ाई बच्चे पूरी करते हैं। ऐसे में यूपी को मेडिकल हब के रूप में आसानी से विकसित किया जा सकता है। इसके लिए मध्य और पश्चिमी यूपी के कुछ शहर ज्यादा मुफीद हैं। साथ ही, यहां पर पहले से छोटी-छोटी मेडिकल कंपनियां हैं। वर्तमान में मेडिकल के क्षेत्र में यूपी ग्रोथ स्टेट वैल्यू एडिशन (जीएसवीएन) वन बिलियन डॉलर से कम है। इसे बढ़ाकर दो से तीन बिलियन डॉलर करने की जरूरत है।

**सब्सिडी देने के साथ जमीन खरीद पर स्टांप शुल्क में भी छूट :** योगी सरकार मेडिकल इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियों को यूपी में फार्मा पार्क की स्थापना के लिए जमीन खरीद पर 50 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी और फार्मा पार्कों के अंदर बुनियादी सुविधाओं के साथ सामान्य सुविधाओं के निर्माण पर 60 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके अलावा कुल लागत पर 15 प्रतिशत तक सब्सिडी देने के साथ जमीन खरीद पर स्टांप शुल्क में छूट देगी। यूपी को मेडिकल इंडस्ट्री के रूप में विकसित करने के लिए करीब एक हजार से लेकर 17 सौ एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए योगी सरकार तीन से चार बिलियन डॉलर खर्च करेगी। वहीं विदेशों और अन्य राज्यों में मेडिकल डिवाइस और दवाओं की सप्लाई के लिए ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की भी स्थापना की जाएगी ताकि जल्द से जल्द इन्हे गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जा सके।



## बरेली मंडल के चारों जिलों में 35 नये विद्युत सब स्टेशन बनाने की कवायद तेज

उत्तर प्रदेश के साढ़े 18 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश बाद बरेली मंडल के जनपदों को नो ट्रिपिंग जोन बनाने की कवायद तेज हो गई है। बिजली विभाग अब इन जनपदों में आंख मिचौली का खेल नहीं खेल सकेगा। फॉल्ट होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली नहीं जाएगी और हजारों उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिस क्षेत्र में बिजली की खराबी होगी, वहीं बिजली कटौती की जाएगी। पहले की तरह पूरे इलाके की बिजली नहीं कटेगी। इस फैसले से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। बरेली मंडल के चारों जिलों में 35 नये विद्युत सब स्टेशन बनाने की कवायद तेज हो गई है। यही नहीं इन जिलों में 67 स्टेशनों पर पावर ट्रांसफॉर्मर लगाकर क्षमता बढ़ाई जाएगी।

# देश में लड़ाई शुरू होने वाली है, पीएम भूल गए पावर आती जाती है : पूर्व राज्यपाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक बार फिर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में देश के हालात बिगड़ने वाले हैं। कई तरह की लड़ाई शुरू होने वाली है। इसके लिए सिर्फ मोदी सरकार जिम्मेदार है। मलिक ने कहा कि मोदी यह न भूलें की पावर आती जाती है। देश को इतनी बुरी स्थिति में न पहुचाएं कि उसे फिर से सुधारा न जा सके। इस दौरान मलिक ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर राजस्थान सरकार पर निशाना साधते



हुआ कहा कि जो सरकार ओबीसी आरक्षण से छेड़छाड़ करेगी वह जाएगी। दरअसल, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष निर्मल चौधरी के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। इस दौरान मलिक के साथ लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौपड़ा, कुलपति प्रो राजीव जैन भी मौजूद रहे।

**देश में कई तरह की लड़ाई शुरू होने वाली है :** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि कुछ समय में देश में कई तरह की लड़ाई शुरू होने वाली है। किसान फिर से सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे। वहीं, नौजवान भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना सिर्फ किसान कॉम को खत्म करने की साजिश है। क्योंकि किसानों के बच्चे पढ़ लिखकर सेना में अच्छे पदों पर जाते थे। वह लोग दूसरे किसानों के बच्चों को भी पढ़ा लिखा कर सेना में आने का मौका देते थे।

## वैशाली में ट्रक ने भीड़ को रौंदा, 10 की मौत

**पटना।** वैशाली जिले में रविवार की रात करीब 9 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। भोज खाकर पैदल लौट रहे लोगों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में 10 लोगों के मौत की सूचना है। इनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है। लोगों को टक्कर मारने के बाद ट्रक पीपल के पेड़ से जा टकराया है। ड्राइवर घायल अवस्था मे स्टीयरिंग में फंस गया। वहीं एक शव ट्रक में फंसा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पास में ही नेवतन पूजा था। उसी में बच्चों के साथ लोग गए हुए थे। वहां से भोज के बाद सभी लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर शराब के नशे में था। हादसे की सूचना पर हाजीपुर सदर अस्पताल से शव वाहन और एंबुलेंस को रवाना कर दिया गया है।

## डेहरी विधायक पर प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम।** जिले के डेहरी के राजद विधायक फतेह बहादूर सिंह और उनके दो करीबियों के खिलाफ बारूण थाने में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें सबूत नष्ट करने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। इनकम टैक्स के अधिकारी फनी भूषण के आवेदन पर कांड संख्या 503/22 दर्ज किया गया है, जिसमें डेहरी के विधायक फतेह बहादूर सिंह, बारूण के खेमदा निवासी विमलेश कुमार और चिंटू कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनपर धारा 186, 201, 204, 35, 120बी लगाया गया है। बताते चलें कि दो दिनों से लगातार बारूण में स्थित विमलेश के घर और राईस मिल पर छापेमारी की जा रही थी।

## पीयू छात्र संघ चुनाव : चार पदों पर जदयू का कब्जा, महासचिव पद पर अभाविप

**केटी न्यूज/पटना**

पटना यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव की मतगणना पूरी हो गई है। तीन राउंड की गिनती के बाद अध्यक्ष पद पर छात्र जदयू के आनंद मोहन विजयी रहे। महासचिव को छोड़ सेंट्रल पैनल के चारों पदों पर जदयू ने कब्जा किया है। उपाध्यक्ष के लिए विक्रमादित्य, सचिव पद पर संध्या और कोषाध्यक्ष पद पर रविकांत को जीत मिली है। महासचिव पद पर अभाविप के विपुल की जीत हुई है। मतगणना लगभग 8 घंटे चली। वोटों की गिनती शनिवार शाम 7:30 बजे शुरू हुई और परिणाम की घोषणा रविवार सुबह 3:30 बजे हुई। 2018 के बाद छात्र जदयू का छात्र संघ में अध्यक्ष बनेगा। पहली बार किसी पार्टी को सेंट्रल पैनल में फुल बहुमत मिला है। जदयू ऐसे ही पहली पार्टी है जिसके चार सदस्य पहली बार सेंट्रल पैनल में होंगे। आनंद मोहन ने अध्यक्ष पद पर 1360 वोट से जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए जदयू के विक्रमादित्य ने अभाविप की प्रतिभा को 1 हजार वोट से हराया। वहीं सचिव पद पर 2062 वोट से संध्या कुमारी की जीत हुई है। कोषाध्यक्ष पद पर भी छात्र जदयू के रविकांत ने 964 वोट से जीत दर्ज की है। दूसरे राउंड की गिनती के बाद चारों पदों पर छात्र जदयू के उम्मीदवार ही आगे थे। इससे पहले काउंटिंग सेंटर पर पटना यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर गिरीश चौधरी पहुंचे। सेंटर से निकलते ही उनकी गाड़ी पर आईसा ने हमला कर दिया। पहले गाड़ी को घेरा, फिर डंडा और मुक्का चलाया। कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं राउंड वाइज आंकड़ा बताने को लेकर छात्र राजद ने हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया।


डीजिटल संस्करण

संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



वेब पोर्टल : keshavtimes.com

यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर

आपकी समस्याओं का होगा निदान

हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में

अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें

शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर

keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## एक नजर

### 20 से 27 नवंबर तक चलने वाले जिला फुटबॉल चैंपियनशिप की धमाकेदार शुरूआत



**अरवल।** जिला फुटबॉल संघ अरवल के तत्वावधान में 20 से 27 नवंबर तक होने वाला जिला फुटबॉल चैंपियनशिप मैच रविवार से शुरू हुआ। जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में चैंपियनशिप का पहला मैच न्यू सद्भावना फुटबॉल क्लब कुर्था बनाम स्टार खजूर फुटबॉल क्लब दरियापुर के बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक महानंद सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल का किक लगाकर किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल खिलाड़ियों के फिटनेस रखने में मददगार साबित होता है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल खेलना जरूरी है। इस तरह के जिला स्तर पर आयोजन से खेल प्रेमियों में एक अच्छा संदेश जाता है , साथ ही राज्य स्तर पर टूनामेंट में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर जिले का नाम रोशन होता है। इसके लिए जिला फुटबॉल संघ को आभार प्रकट करते हुए कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राजीव कुमार रंजन ने किया। मैच रेफरी में राजेश कुमार, अनिल कुमार, राधिका रमण शामिल थे। मैच में कुर्था की टीम ने मध्यांतर के पहले खेलते हुए एक गोल से बढ़त बना ली थी। मध्यांतर के बाद खेलते हुए तीन गोल कर शुन्य के मुकाबले चार गोल से मैच जीत ली। चैंपियनशिप का दूसरा मैच 21 नवंबर सोमवार को उच्च विद्यालय जयपुर के खेल मैदान पर डॉ भीमराव अंबेडकर क्लब बभन बिगहा बनाम अरवल फुटबॉल क्लब अरवल के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, इंदु भूषण सिंह, रामाज्ञा यादव, पूर्व मुखिया सह मुखिया पति सुरेश यादव, प्रकाश कुमार , कृष्ण प्रसाद सिंह, मो. जिलानी, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे ।

### दो ट्रक की जोरदार टक्कर में 2ड्राइवर सहित तीन घायल, वाराणसी रेफर



**सासाराम।** जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के सरैया व सबराबाद गांव के बीच रविवार की दोपहर दिल्ली -कोलकाता नेशनल हाईवे (एनएच-2) पर राजस्थानी होटल के समीप कुदरा की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने जीटी रोड के किनारे खड़े चुने से लदे ट्रक में टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक ड्राइवर सहित तीन लोग पूरी तरह से जख्मी हो गए। वहीं, ट्रक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई की टीम द्वारा सभी तीनों घायलों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए सभी को वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में रामगढ़ अलवर (राजस्थान) निवासी शरीफ खान के 24 वर्षीय पुत्र शमशेद खान, पुंछ, जम्मू कश्मीर निवासी मोहमद लतीफ के 20 वर्षीय पुत्र मोहमद शकील एवं पूंछ जम्मू कश्मीर निवासी वली मोहम्मद के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद दाऊद शामिल है। घटना के बाद जीटी रोड री तरह से जाम हो गई। जिससे कुदरा के तरफ से आ रहे सभी वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।सूचना मिलते ही एनएचआई के कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज हेतु सासाराम सदर अस्पातल भेज दिया। मामले की जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस पहुंची। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे पर ट्रक खड़ा होने के कारण आए दिन घटनाएं घटती रहती है। इस तरह के दुर्घटनाओं में कई लोगों के घर उजड़ जाते हैं, लेकिन प्रशासन का इस पर तनिक भी ध्यान नहीं जाता है। जीटी रोड पर अनावश्यक खड़े वाहनों पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि इस तरह की हादसों को रोका जा सके।

### 14 से 20 नवंबर तक जिले में चाइल्ड राइट्स वीक का हुआ आयोजन



**अरवल।** श्रम संसाधन विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहायोग से 14 से 20 नवम्बर तक चाइल्ड राइट्स वीक के रूप में मनाया गया। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। श्रम अधीक्षक, द्वारा बताया गया 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित करने पर दोषी नियोजकों पर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। दोषी पाये जाने पर नियोजकों से 20 से 50 हजार रुपए तक की राशि जुमार्ना के रूप में वसूल की जाती है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर 6 माह से 2 वर्षों तक के कारावास की सजा का प्रावधान है। एमसी मेहता बनाम तामिलनाडु सरकार में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में दोषी नियोजकों से 20 हजार रुपए की राशि वसूल कर बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष अरवल में जमा की जाती है। इसके अलावा विमुक्त किये गये बाल श्रमिकों को प्राथमिक पुनर्वास राशि के रूप में 3 हजार प्रदान किया जायेगा एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार की राशि दी जाती है। जो विमुक्त बाल श्रमिक 18 वर्ष की उम्र होने तक बैंक में फिक्सड डिपॉजिट के रूप में जमा करायी जाती है।

### आपसी रंजिश में अधेड़ की पीट पीटकर हत्या, दहशत में परिजन

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड स्थित विसुनगंज ओपी क्षेत्र के धराउत गांव से दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। जहां आपसी रंजिश के मामले में दंबग किस्म के लोगों ने एक व्यक्ति को घर से ले जाकर पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी गई है। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मृतक शैलेंद्र राम (40 वर्षीय) अपने घर में सो रहे थे। तभी कुछ लोग उनके घर पर आ धमके और उनके साथ मारपीट करने लगे और गांव के ही मिडिल स्कूल के समीप ले जाकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। वही जब इस बात की सूचना विसुनगंज ओपी की पुलिस को मिली तो दल बल के साथ विसुनगंज ओपी की पुलिस धराउत गांव पहुंची। जहां मृतक के शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। वहीं घटना की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार विराजी ने कहा कि घटना शनिवार देर रात की है। जिसकी सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। साथ ही, इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है, वहीं पूरे मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इधर, घटना के बाद मृतक के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। साथ ही, वह दहशत में हैं।

# दिसंबर से फरवरी तक कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना व टाटा-अमृतसर एक्स सहित कई ट्रेनें रद्द

- कोहरे के कारण संरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया गया बदलाव

**केटी न्यूज/सासाराम**



कोहरे की चादर का असर अब जल्द ही ट्रेनों के परिचालन व्यवस्था पर भी दिखनेवाला है। लिहाजा संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित रेलवे प्रशासन द्वारा एक दिसंबर से लंबी दूरी की गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसके तहत डीडीयू रेल मंडल के सासाराम स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या-12357 अप, कोलकाता- अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस एक दिसम्बर से 28 फरवरी तथा गाड़ी संख्या-12358 डाउन, अमृतसर- कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस पांच दिसंबर से दो मार्च तक पूर्ण रूप से नहीं चलेगी। जबकि गाड़ी संख्या-18103 अप, टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस-5 दिसंबर से 27 फरवरी 2023 तक तथा गाड़ी संख्या-18104 डाउन, अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस-7 दिसंबर से 1 मार्च 2023 तक यह ट्रेन पूर्णतः रद्द रहेगी।

परिचालन के दिनों में कमी कर के चलायी जाने वाली ट्रेनें :

कोहरे के कारण 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2023 तक प्रारंभिक स्टेशन से खुलने वाली अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन के फेरों में तीन दिन अप-डाउन में नहीं चलाने का दिशा-निर्देश जारी किया गया है, प्रत्येक दिन सासाराम स्टेशन से चलनेवाली अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन कोहरे की प्रबल संभावना को देखते हुए सप्ताह में अप-डाउन में चार दिन ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या-12987 अप, सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को रद्द रहेगा, वहीं गाड़ी संख्या-12988 डाउन, अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को रद्द करने का रेलवे ने निर्देश जारी किया है।

**नॉन इंटरलॉकिंग के कारण वाराणसी-आसनसोल पैसेंजर निरस्त :** धनबाद मंडल के कोडरमा स्टेशन पर प्रस्तावित नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इधर से गुजरने वाली गाड़ियों को अस्थाई रूप से निरस्त रखने का निर्णय लिया है। इनमें शामिल वाराणसी - आसनसोल पैसेंजर ट्रेन विभिन्न तिथियों को निरस्त रहेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या-13553 अप/13554 डाउन, वाराणसी - आसनसोल एक्सप्रेस 20, 25, 26, 27, 29, 30 नवंबर तथा एक दिसम्बर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने की वजह से अस्थाई रूप से निरस्त रहेंगी।

**पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें :** वहीं कोडरमा स्टेशन पर एनआई कार्य होने के कारण आरा से खुलने वाली गाड़ी संख्या-18639 आरा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 20 नवंबर, 25 नवंबर, 27 नवंबर एवं 30 नवंबर को आरा से 90 मिनट देर से प्लेटफॉर्म से खुलेगी तथा दिनांक 29 नवंबर को आरा से यह ट्रेन 180 मिनट देर से खुलेगी।

## नौ दिन बाद खुलासा, भोजपुर और जिले के बाहर से पकड़े गए सभी अपराधी

# शशिकांत हत्याकांड : भूमि विवाद में सुपारी देकर करायी गयी थी हत्या

- हत्याकांड में इस्तेमाल बाइक बरामद, हथियार का पता लगा रही पुलिस
- मामले में पांच गिरफ्तार, शूटर और साजिश करने वालों की तलाश

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय के कनकपुरी मोहल्ला निवासी पूर्व पार्षद के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ विक्की की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। भूमि और पैसे के लेनदेन के विवाद में हत्या की गयी है। इसके लिए सुपारी देकर शहर के एक आपराधिक गिरोह के सदस्यों को हायर किया गया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना क्षेत्र के भलुहीपुर निवासी अख्तर हुसैन, चिकटोली निवासी मो. मुस्तफा, धरहरा निवासी मो. आदिल, मो. आमिर और मो. इरफान शामिल हैं। सभी ने हत्याकांड में शामिल होने की बात भी स्वीकार की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। एसपी ने बताया कि हत्या के बाद एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में दो विशेष टीम गठित की गयी थी। टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर जांच शुरू की। उसमें पता चला कि संपत्ति व भूमि और पैसे के लेनदेन के विवाद में गहरी साजिश के हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। उसके लिए सुपारी एक देकर अपराधिक गिरोह के सदस्यों को हायर किया गया था। टीम द्वारा शामिल शूटर से साजिश करने वाले तक की पहचान की गयी। उसके बाद सर्विलांस और मानवीय सूचना के आधार पर भोजपुर और जिले के बाहर से हत्याकांड में शामिल पांचों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं हत्या के लिए पूर्व पार्षद पुत्र की की रेकी करने से अपराधियों के भागने तक में इस्तेमाल बाइक बरामदकर ली गयी है। उन्होंने बताया कि शूटरों और साजिश करने वालों की धरपकड़ के लिए टीम छापेमारी कर रही है। हत्या में इस्तेमाल की बरामदगी को लेकर भी प्रयास किया जा रहा है।

**शहर से राज्य के बाहर तक की गयी थी पूर्व पार्षद पुत्र की रेकी:** पूर्व पार्षद महेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ विक्की की हत्या की फुलप्रूफ साजिश रची गयी थी। उसमें शहर से लेकर बाहर तक के लोग शामिल थे। हत्या के लिए कई दिनों तक शशिकांत की रेकी की गयी थी। एसपी की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य के बाहर भी पूर्व पार्षद पुत्र की रेकी की गयी थी। घटना के दिन भी घर से निकले से लेकर लौटने तक पीछा किया गया और रेकी की गयी। एसपी के अनुसार घटना के दिन पूर्व पार्षद पुत्र शशिकांत सिंह को गीधा नहीं जाना था। अचानक प्रोग्राम होने के बावजूद अपराधियों ने उनको निशाना बनाया गया।

### जांच के लिए गठित की गई थी विशेष टीम

मामले में गहरी साजिश की बात सामने आयी है। जांच के दौरान हत्या से पहले और बाद तक में शामिल अपराधियों की पहचान साक्ष्य के साथ की गयी है। एसपी के अनुसार गिरफ्तारी को लेकर गठित पहली टीम में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, नगर थाने के दारोगा विनोद कुमार सुमन, डीआईयू के दारोगा संजय कुमार सिन्हा और कुमार रजनीकांत शामिल थे। वहीं टीम बी में ट्रेनी डीएसपी अनुराग कुमार, डीआईयू इंचार्ज इंस्पेक्टर शंभू भगत, महिला थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, नगर थाने के दारोगा अविनाश कुमार, विजय कुमार, सर्वेश कुमार और डीआईयू के अवधेश कुमार शामिल थे।

### दिनदहाड़े गोलियों से भून दिये गये थे पूर्व पार्षद पुत्र

शहर के कनकपुरी निवासी पूर्व पार्षद महेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ विक्की को 11 नवंबर की सुबह आरा-पटना हाईवे पर नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा के समीप गोलियों से भून डाला गया था। गीधा से लौट रहे विक्की को बाइक सवार बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ सात गोलियां मारी गयी थी। उसे लेकर उनके पिता की ओर से तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। दो लोगों पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। हत्या का कारण भूमि विवाद बताया गया था।

### डकैती की साजिश रचते तीन शातिर बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** जिले में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर थाना पुलिस ने शनिवार की रात डकैती की साजिश रचते तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से एक देशी कट्टा, दो गोलियां व दो बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी प्यारेलाल सिंह का पुत्र गोलू कुमार, चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी कृष्णा पासवान का पुत्र पुरुषोत्तम कुमार और चंद्रभूषण पासवान का पुत्र विकास कुमार शामिल हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया गया कि शनिवार की रात करीब साढे.आठ बजे सूचना मिली कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधी हथियार के साथ लूटपाट और डकैती की साजिश कर रहे हैं। इसके लिए अपराधी आरा-सासाराम एसएच पर तेतरियां से सुढ़नी के बीच घूम रहे हैं। उस आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके हथियार और कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों के अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। बाइक की भी जांच की जा रही है। टीम में उदवंतनगर थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, दारोगा निवास कुमार, जमादार जयराम पासवान, सिपाही हरेंद्र यादव, अखिलेश कुमार दास, सुजीत कुमार, नवाज शरीफ, सैप जवान संत विलास सिंह, उदय प्रताप सिंह शामिल थे।

### प्लास्टिक का पिस्टल दिखा ट्रक चालकों से अवैध वसूली करते तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा के समीप शनिवार की रात नकली पिस्टल का भय दिखा ट्रक चालकों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मौके से तीन रंगदारों को गिरफ्तार भी किया है। उनके पास से प्लास्टिक का एक पिस्टल भी बरामद किया गया है।

पकड़े गये रंगदारों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा निवासी संतोष प्रसाद का पुत्र संजीत कुमार, भरत सिंह का पुत्र विक्की कुमार और स्व. रणधीर सिंह का पुत्र अर्जुन कुमार सिंह उर्फ प्रदुमन सिंह शामिल हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया 19 नवंबर की रात आरा-छपरा फोरलेन पर बबुरा के पास नकली पिस्टल (प्लास्टिक का बना) दिखा अवैध रूप से ट्रक चालकों को धमका कर जबरन वसूली किये जाने की सूचना मिली। जा रहा था। उस आधार पर बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन रंगदारों को वसूली करते मौके से गिरफ्तार कर लिया।रंगदारों के पास से प्लास्टिक का बना एक पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार रंगदारों का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। टीम में थाना इंचार्ज के अलावे हवलदार कुमुद कुमार, सिपाही अभिषेक कुमार, मोहन प्रसाद यादव, दीपक कुमार, श्यामनंदन कुमार और महिला सिपाही सपना कुमारी शामिल थी। पूछताछ और प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार तीनों रंगदारों को जेल भेज दिया गया।

### पति ने कैंची से मार पत्नी को किया घायल

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के आकोपुर गांव में एक पति ने धारदार हथियार हमला कर अपनी पत्नी को घायल कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल में रेफर कराया गया। बताया जाता है कि अनीता देवी ने मायके जाने के लिए पति से पैसे की मांग की। लेकिन पति द्वारा पत्नी के मायके जाने का विरोध किया गया। लेकिन, वो मायके जाने के लिए जिद पर अड़ी रही। इसी बात को लेकर दोनों में नोकझोंक हुई। जिसके बाद पति ने गुस्से में आकर पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। अनीता ने बताया कि वो अपने घर में मायके जाने के लिए बैग में कपड़े रख रही थी। इसी बीच पति कैंची लेकर आया और मेरे गला पर प्रहार कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बाइक लूटकांड में कुख्यात अपराधी सहित दो गिरफ्तार, लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के चांदी थाना क्षेत्र के जमीरा रोड में घटित बाइक लूट कांड का खुलासा करते हुए पुलिस द्वारा कुख्यात सहित दो लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट की एक बाइक भी बरामद की गयी है। दोनों की गिरफ्तारी से एक दर्जन लूटकांड का उद्भेदन हुआ है। गिरफ्तार लुटेरों मेंचांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी राम अवधेश सिंह का पुत्र टुनटुन कुमार उर्फ टुनटुन यादव और जोकटा गांव निवासी विनोद सिंह का पुत्र रंजीत यादव है। इनमें एक को राज्य के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर 2022 की रात करीब साढ़े आठ बजे चांदी थाना क्षेत्र में जमीरा रोड स्थित मुर्गी फार्म के पास आरा से घर जा रहे एक व्यक्ति को ओवरटेक कर अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर बाइक और मोबाइल लूट लिया गया था। सभी अपराधी अपाची बाइक पर सवार थे। उसके बाद घटना के उद्भेदन के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तकनीकी, मानवीय और गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों के पास से लूटी गयी यामाहा बाइक बरामद की गयी। लूट में शामिल अन्य अपराधियों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। टीम में चांदी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, संदेश थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा, चांदी थाना के दारोगा राजाराम पासवान, डीआईयू के दारोगा अवधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा, ट्रैफिक थाना इंचार्ज प्रदीप कुमार सरकार, डीआईयू शाखा के सिपाही अविनाश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पुलिस केंद्र के सिपाही जमील खान शामिल थे।

# कुष्ठ रोग से दिव्यांग हुए लोगों को सरकार देती है हर माह 1500 रुपए पेंशन

- बिहार के सिर्फ दो जिला मुजफ्फरपुर और रोहतास में है रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की सुविधा

**केटी न्यूज/आरा**



कुष्ठ रोग यानी लेप्रोसी को जड़ से मिटाने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी लगातार प्रयासरत है। इसको लेकर समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं और लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाता है। हालांकि लोगों में अभी भी कुष्ठ रोग को लेकर भ्रांतियां फैली हुई है की कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी है, जिसकी वजह से आज भी कुष्ठ रोग से पीड़ित लोग घृणा की दृष्टि से देखे जाते हैं। हालांकि धीरे-धीरे अब लोगों के मनसे यह धरना खत्म हो रही है। कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षण दिखने के बाद तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करें क्योंकि शुरूआती दौर में इलाज से कुष्ठ रोग ठीक हो सकते हैं।

**क्लोज कॉन्टेक्ट वालों को दी जाती है खुराक :** एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है इसे छूने से नहीं फैलता है फिर भी एहतियात के तौर पर क्लोज कांटेक्ट वाले व्यक्तियों को सिंगल डोज रेफेमपीसीन (एडीडीआर) की एक डोज दी जाती है। इसमें सिर्फ घर के लोगो को ही ये डोज दी जाती है। क्योंकि क्लोज कॉन्टेक्ट में ज्यादातर घर के ही लोग आते है इसलिए सिर्फ उन्हें ही ये एक बार खुराक दी जाती है।

**कुष्ठ रोग से पीड़ित को दी जाती है प्रतिमाह पेंशन :** कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की पहचान करके उनकी इलाज की जाती है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि इलाज के दौरान लेप्रोसी को रोका जा सकता है परंतु कभी-कभी किसी में डिफॉरमेटी रह जाता है यानी कि वह जड़ से खत्म नहीं हो पाता परंतु उसे रोका जा सकता है। कुष्ठ रोग की वजह से कुछ कुछ लोगों में दिव्यांगता आ जाती है। ऐसे में उनकी जांच कर ग्रेड 2 का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है और उसे सामाजिक सुरक्षा कोषांग में भेज दिया जाता है। जहां से कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रतिमा 1500 रुपए आजीवन पेंशन आर्थिक सहयोग के रूप में प्रदान की जाती है।

**ऑपरेशन के दौरान दी जाती है 8000 :** डॉ. सिन्हा ने बताया कि जो व्यक्ति दिव्यांग हो गए हैं और उनकी उम्र 50 वर्ष से कम है उसके लिए रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी (आरसीएस) की भी सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा बिहार में सिर्फ दो ही जगह उपलब्ध है एक मुजफ्फरपुर और दूसरा रोहतास जिला, जहां पर कुष्ठ मरीजों का सर्जरी किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह सर्जरी पूरी तरह से निःशुल्क होता है। इसमें मरीज के साथ-साथ उसके अटेंडेंट को भी रहने, खाने का फ्री व्यवस्था किया जाता है। साथ ही, सर्जरी पर जो भी खर्च होता है वह सरकार वहन करती है। इसके अतिरिक्त जिस व्यक्ति का ऑपरेशन हुआ है उसे सरकार के द्वारा 8000 सहायता राशि भी प्रदान की जाती है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 21 नवम्बर 2022




## फटाफट खबरें

### बिजली चोरी मामले में तीन पर एफआईआर दर्ज

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया। जिसमें तीन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुर्माना लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व डुमरांव के कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में डुमरांव के चाणक्यपुरी कॉलोनी के रामाशंकर शर्मा पर 5905 रुपये, रेशमा उपाध्याय पर 19208 रुपये और गुलाबझारी देवी पर 15204 रुपये का जुर्माना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बिजली कंपनी के इस कार्रवाई से अवैध रूप से बिजली जला रहे उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप मचा है।

### नावानगर के वार्ड 12 में नाली गली निर्माण कार्य संपन्न

**नावानगर।** प्रखंड के स्थानीय पंचायत अंतर्गत वार्ड 12 में नाली गली निर्माण कार्य रविवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन निर्माण कार्य का प्रखंड प्रमुख अंकित यदुवंशी ने निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड के लोगों से मानक के अनुसार कार्य होने की जानकारी लिया। जिस पर वार्ड के लोगों ने नाली गली निर्माण कार्य पर संतुष्टि जाहिर किया। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि नाली गली का निर्माण कार्य बीडीसी मीना देवी एवं प्रतिनिधि सुखारी पासवान की देखरेख में की जा रही थी। उन्होंने बताया कि नाली एवं गली में पेवर ब्लांक से कार्य करने के लिए 2 लाख 88 हजार 650 रुपए की लागत खर्च की गई है। इधर नाली गली निर्माण कार्य पूरा होने पर वार्ड के लोगों में खुशी व्याप्त है। वार्ड के लोगों ने कहा कि इस नाली व गली निर्माण से उन्हें जलजमाव से मुक्ति मिलेगी तथा आवागमन में भी सुविधा रहेगी।

### दलसागर में 23 को डाक विभाग आयोजित करेगा महामेला

**डुमरांव।** डाक विभाग 23 नवंबर को बक्सर सदर प्रखंड के दलसागर स्थित खेल मैदान में समावेशन शिविर सह महामेला का आयोजन करेगा। खास यह कि इस महामेला में विभाग के बिहार प्रमंडल के डाक महा अध्यक्ष किशन कुमार शर्मा उपस्थित रहेंगे। इसकी सफलता के लिए विभाग प्रचार प्रसार व संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। इस बारे में सहायक डाक अधीक्षक श्रीनिवास ने बताया कि यह पहला मौका है जब डाक महा अध्यक्ष का शिविर सह मेला का बड़ा आयोजन शहर के बजाए ग्रामीण हलके में हो रहा है। उन्होंने कहा इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में विभाग के निवेशक व उपभोक्ता शामिल हो सके इसके लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में पीएलआई, आरपीएलआई, सुकन्या समृद्धि योजना, बचत योजना, टीडी इंडिया पोस्ट पेमेंट, बैंक माय स्टांप जैसे डाक विभाग के लोकप्रिय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी तथा व्यवसाय के नए लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

# अपराधियों के अलावा शराब व गांजा तस्करों को भा रहा जमीन का कारोबार

- जमीन खरीदने से पहले बरतें यह सावधानी
- जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए अपनाते हैं विभिन्न हथकंडे

**केटी न्यूज/डुमरांव**




जमीन कारोबार का धंधा शराब गांजा की तस्करी पर भी भारी पड़ रहा है। कभी शराब तथा गंजा का नामी-गिरामी तस्कर रहे लोग भी शहर में जमीन का कारोबार से मोटी कमाई कर अपनी रसूख को कायम रखे है। ऐसे लोग धनबली के अलावे समाज की नजर में बाहुबली भी हैं। अपराधियों के साथ इनका सुबह दोपहर शाम उठना बैठना है। जमीन पर पैसा फेंकने में माहिर ऐसे लोग तनिक विवाद होने पर अपनी वाली करने में हिचक नहीं करते हैं। एक दशक पूर्व शहर के एक बहुचर्चित जमीन पर एक गांजा तस्कर का शातिर दिमाग न सिर्फ जमीन हड़पने में सफल हुआ। बल्कि जरूरत पड़ने पर स्टेशन रोड की उक्त जमीन पर गोलीबारी करने में भी तनिक देर नहीं किया गया। आज वह विवादित जमीन शहर का पवित्र स्थल बन चुका है। एक बड़ा शराब तस्कर भी इन दिनों अपना सारा कामकाज छोड़कर जमीन के कारोबार में पैसा और समय लगा रहा हैं। उसका सफल परिणाम भी उक्त शराब तस्कर के साथ है। जमीन के कारोबार से अकूत संपत्ति के अलावे कई बड़े-बड़े बिल्डिंग का मालिक बन चुका शराब का तस्कर शहर में पैसा की चाह रखने वाले लोगों के लिए उदाहरण बन गया है।

ऐसे लोग जमीन पर जबरन कब्जा का हथकंडा भी अपनाते हैं। क्योंकि मुनाफा के कारोबार में जमीन गांजा व शराब की तस्करी से आगे निकल चुका है। यही वजह है कि बड़े-बड़े शराब गांजा के माफिया आज के दिन में खेतों में घूम कर जमीन की तलाश में खाक छान रहे हैं। धनकुबेर बंकर घूम रहे ऐसे जमीन माफियाओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए संगीनों के साए में रहना पड़ रहा है। वजह साफ है कि जमीन की खरीद बिक्री के दौरान आम जनता के साथ ऐसे लोगों नेजो गलतियां की हैं उसमें उनके साथ घटना दुर्घटना होना कोई बड़ी बात नहीं होगी।


### जमीन खरीद से पहले बातें यह सावधानी

अगर आप जमीन की खरीद करने जा रहे हैं तो केशव टाइम्स आप से अपील करता है कि विभिन्न सावधानियों के सहारे धोखाधड़ी का शिकार होने से बचें। दस्तावेज नवीस सत्येंद्र सिंह बताते हैं कि जमीन खरीद के दौरान खतियान व वंशावली का अवलोकन कर जमीन की हिस्सेदारी तय करें। जमीन का बंटवारा रिश्तेदारों के बीच आपसी याददाश्त सहमति या फिर कोर्ट से होना जरूरी है। बंटवारे के आधार पर जमीन का रसीद रिश्तेदारों के नाम से कट रहा है कि नहीं। रसीद पर जमाबंदी संख्या ऑनलाइन जांच करें। पुश्तैनी जमीन में यह सावधानी जरूरी है कि जमीन का बराबर हक बेटा बेटी व भाइयों के बीच हुआ है कि नहीं। सुप्रीम कोर्ट के नए निर्देश में बाप की संपति मैं बेटी का भी हक अधिकार दिया गया है। इन हथकंडो को अपनाकर जमीन के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से बहुत हद तक बचा जा सकता है।

## दोस्त की मां के साथ नाजायज संबंध का वीडियो सोशल मीडिया पर किया वायरल

- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- हरकत पर शर्मसार हो गया है पूरा परिवार

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



दोस्ती और रिश्तों को शर्मसार करते हुए एक युवक ने अपने दोस्त की मां के साथ घिनौनी हरकत कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 45 वर्षीय महिला के बेटे का 27 वर्षीय दोस्त महेश पांडेय अक्सर उसके घर आता जाता था। इसी दौरान महेश और पीड़िता के बीच नाजायज संबंध बन गया था।

जब पीड़िता के घरवालों को इसकी भनक लगी, तो इसका विरोध किया जाने लगा। महेश पर भी अपनी हरकतों से बाज आने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। हालांकि, महेश ने पहले ही बड़ी चतुराई से उक्त महिला के साथ अंतरंग संबंधों का वीडियो बना लिया था। परिजनों द्वारा दबाव बनाने पर वह अपनी करतूतों पर शर्मिंदा होने की बजाए, उसे वायरल करने की धमकी देता था।

इधर इसके परिजन भी लगातार उसपर दबाव बना रहे थे। जिसके बाद उसने वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पीड़िता द्वारा इसकी शिकायत महिला थाने में की गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना के बाद जहा पूरा परिवार शर्मसार हो गया है। वहीं, दोस्ती व मां के रिश्तों को कलंकित करने वाले इस घटना की निंदा भी लोगों द्वारा की जा रही थी।

**बढ़ते प्रदूषण को लेकर सरकार गंभीर, सूबे के अलग- अलग जिलों में गंगाजल की होगी जांच**

# गंगा नदी में प्रदूषण का इंसानों व जलीय जीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की शुरू हुई जांच

- तीन महीने में राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपेगी समिति

**केटी न्यूज/बक्सर**

गंगा नदी के जल प्रदूषित होने से अब राज्य सरकार भी गंभीर हो गई है। राज्य सरकार ने गंगाजल के प्रदूषण स्तर की जांच भी शुरू करा दी है। एक टीम गंगजल के प्रदूषण को परखने के लिए बक्सर भी पहुंची है। बक्सर के रामरेखा घाट से टीम ने मशीन लगाकर पानी के नमूने लिए ताकी इसके प्रदूषण लेवल की जांच की जा सके। मौके पर मौजूद जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि उनकी टीम अगले तीन महीने तक बिहार के अलग-अलग जिलों में जाकर गंगाजल के गुणवत्ता को परखेगी तथा यह भी देखेगी कि इसका प्रदूषण स्तर क्या है तथा गंगाजल में कौन कौन से प्रदूषित पदार्थ मिल रहे हैं तथा इसका मानवीय जीवन और जलीय जीव जंतुओं पर क्या कुप्रभाव पड़ रहा है। इन सब बातों की जांच की जाएगी। यह टीम आठ घंटे तक बक्सर में रूक यहां के कई घाटों से गंगाजल लेकर उसके प्रदूषण लेवल को जांचते रही। टीम द्वारा बताया गया कि वे लोग राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।



रामरेखा घाट का नजारा



गंगाजल के प्रदूषण लेवल की जांच करते टीम के सदस्य

### पूर्व में ब्लैकलिस्टेड हो चुकी है कंपनी

केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण नमामि गंगे परियोजना भी कारगर साबित नहीं हुई है। बक्सर जिले में ही बड़े-बड़े नाले सीधे गंगा में जाकर गिरते है। वाटर ट्रीटमेंट की परियोजनाएं कभी पूरी नहीं हो सकी है। सीवरेज प्लांट के नाम पर लगभग 100 करोड़ रुपये की योजना जब 85 फीसद पूरी हो गई तब तक कार्यकारी कंपनी ट्रायटेक ब्लैक लिस्टेड कर दी गई। अब नई कंपनी 185 करोड़ रुपये खर्च कर इसी काम को पूरा करने वाली है। हालांकि अब तक विश्व बैंक के द्वारा इस योजना को हरी झंडी और आर्थिक मदद नहीं दी गई है।

### गंगा में बढ़ते प्रदूषण का खामियाजा भुगत रहे हैं लोग

पिछले कुछ दशकों में गंगा नदी में नालों तथा सिवरेज का गंदा पानी गिराने वालों की संख्या बढ़ी है। जिसका सीधा असर इसके जल पर पड़ा है। जानकारों का कहना है कि गंगाजल में आर्सेनिक की मात्रा तेजी से बढ़ी है। जिसके कारण तटवर्ती इलाके के लोगों में चर्म रोग व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो रही है। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ बक्सर जिले में दियारा क्षेत्र के हजारों लोग गंभीर चर्म रोग से जूझ रहे है।

## डुमरी के नवीन नितेश को मिला राष्ट्रीय अवार्ड व विंध्य लोक कला गौरव सम्मान

- मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय लोक संगीत महोत्सव के सफल आयोजन करने पर मिला सम्मान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सम्मान के साथ नवीन नीतेश

अंतरराष्ट्रीय लोक संगीत महोत्सव 2022 सीधी ( मध्य प्रदेश) के सफल आयोजन के लिए में महर्षि विश्वामित्र की धरती बक्सर बिहार के डुमरी गांव के रहने वाले कलाकार नवीन नितेश पांडेय को राष्ट्रीय अवार्ड के साथ ही विन्ध्य लोक कला गौरव सम्मान मिला है। उन्हें यह सम्मान 22 प्रदेशों के कलाकारो को एक मंच पर ला सफल संगीत संयोजन कराने के लिए मिला है। इतनी कम उम्र में उन्हें यह सम्मान मिलने से पूरा परिवार व गांव गौरवान्वित है। वे संसद टीवी, न्यूज 18, दूरदर्शन जैसे बहुत से टीवी चैनलों पर अपना परचम लहरा चुके है। इनके पिता उमाशंकर पांडेय और माता उर्मिला देवी और बड़े भाई तथा गीतकार रंजन अलबेला आदि ने इनकी हौशला अफजाई कर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में काफी मदद की है। सभी परिवार का इतना सहयोग रहा जिसे उन्हें ये सफलता प्राप्त हुआ। उन्हें यह आवॉर्ड और सम्मान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री सह रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला, सांसद अजय सिंह, मुंबई फिल्म डायरेक्टर अभय सिंह, पुलिस अधिक्षक मुकेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा पांडेय, कार्यक्रम के आयोजक तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ के चीफ ब्यूरो अखिलेश पांडेय, डा अनूप मिश्र, हरीश मिश्र, हरिश्चंद्र मिश्र और संसद टीवी न्यूज 18 आदि ने संयुक्त रूप से दिया तथा उनके कलाकारी की जमकर तारीफ की है। उन्हें यह सम्मान मिलने के बाद पूरा परिवार खुशी से झूम उठा है।

### आज से शुरू होगा दो दिवसीय यांत्रिकीकरण मेला

**बक्सर।** नगर के बाजार समिति परिसर में दो दिवसीय यांत्रिकीकरण मेला का आयोजन किया गया है। यांत्रिकीकरण मेला 21 नवंबर से 22 नवंबर तक आयोजित होगा। जिसकी तैयारी कृषि विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है। यांत्रिकीकरण मेले में किसान वैज्ञानिक वातार्लाप का भी आयोजन किया जाएगा। जहां किसानों को बेहतर कृषि के टिप्स दिए जाएंगे। जिससे किसान पारंपरिक खेती के साथ ही अन्य सहायक उत्पादों की खेती कर आर्थिक रूप से सबल बन सके। वहीं कृषि मेले में यांत्रिकीकरण विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। जहां किसान एक निश्चित स्थान पर विभिन्न कृषि के अत्याधुनिक यंत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा उसका उपयोग कृषि के कार्यों में कर सकेंगे। इसकी जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि कृषि यांत्रिकीकरण मेले के माध्यम से किसानों को एक ही स्थान पर हर प्रकार के कृषि यंत्रों की जानकारी के साथ ही कृषि के क्षेत्र में नवीन प्रयोगों की जानकारी भी किसानों को दी जाती है।

## जमीन विवाद मामले में एक पक्ष ने दर्ज कराया एफआईआर

- आठ नामजद व 15 अज्ञात लोगों को पर मारपीट का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**




शनिवार को डुमरांव के दक्षिण टोला बधार में हुए जमीन विवाद मामले में एक पक्ष के गिरजा शंकर ने दूसरे पक्ष के आठ नामजद व 10-15 अज्ञात लोगों को पर मारपीट करने तथा वाहन तोड़ने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में गिरजा ने बताया है कि वह डुमरांव के दक्षिण टोला बधार में सरिता राय से चार एकड़ 66 डिसमील जमीन खरीदे है। उसी जमीन को देखने वे शनिवार को अपने साथियों के साथ गए थे। इस दौरान वहा पहले से मौजूद ओमप्रकाश राय, अशोक राय, भरत राय समेत दर्जनभर से अधिक लोग मारपीट करने लगे। मारपीट में अरूण कुमार सिंह तथा बिहारी पासवान को गंभीर चोटे आई है। जबकि उनलोंगों ने हमारे वाहनों को भी तोड़ दिया है। गिरजा ने बताया है कि इसके पहले वे लोग ही धान की फसल काटने के साथ ही बैगन की फसल पर भी कीटनाशक छिड़क नष्ट कर दिए थे। वही दूसरे पक्ष के अशोक राय ने इस मामले में स्थानीय पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बताया कि रविवार को वे लोग एसडीपीओ से गुहार लगाए है। अशोक ने बताया कि सरिता देवी द्वारा धोखाधड़ी किया गया है। जिसके खिलाफ बक्सर व्यवहार न्यायालय में नंबरीवाद किया गया है।

### सामाजिक मंच की पहल पर शुरू हुई डेंगू मरीजों की खोज

**डुमरांव।** डुमरांव में डेंगू मरीजों की समस्या को गंभीरता से उठाने के सामाजिक मंच का प्रयास रंग लाने लगा है। पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आर बी प्रसाद के निंदेश पर डॉक्टर संतोष जयसवाल, टेक्निशीयन धमेन्द्र, फर्मासिस्ट नितेश कुमार की टीम ने दर्जनों लोगों को डेंगू जाँच सामाजिक मंच के कार्यालय में किया। इस जांच में नगर के ठठेरी बाजार, नया बस्ती, निमेज टोला के कई बुखार पीडित पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों का जांच किया गया तथा स्वास्थ विभाग के कर्मियों द्वारा यह जानकारी दी गई की सभी तरह की जांच की सुविधा पीएचसी में उपलब्ध है। इस अवसर पर मास्टर बिनोद, राजू कुमार, अखिलेश केशरी, वैधनाथ मिश्र, सुनील तिवारी, सुरेश यादव आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि हाल ही में सामाजिक मंच ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर डुमरांव में डेंगू फैलने की जानकारी दी थी।

# फास्टफूड और चॉकलेट हमारी दांतों व शरीर के दुश्मन, इनसे बचें : डॉ हिमांशु

- मुंह और दांत की सफाई ठीक से नहीं करने पर हो सकती है गंभीर बीमारी
- गुटखा व निकोटिन की आंदते भी दांत और मुंह के लिए नुकसानदेह

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डॉ हिमांशु पांडेय

फास्ट फूड का अधिक सेवन, मुंह और दांत की ठीक ढंग से सफाई नहीं होने तथा चाकलेट, बिस्किट व काबोर्हाइड्रेट के अत्यधिक सेवन से मुंह और दांत खराब होते है। ये बातें डुमरांव दंत अस्पताल के दंत चिकित्सक डा हिमांशु पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि हमें सुबह में जगने के बाद तो ब्रश करना ही चाहिए। इसके अलावे खाने के तुरंत बाद ठीक से दांतों की सफाई कर कुल्ला करना चाहिए। इससे हमारे दांत साफ रहते है।

उन्होंने कहा कि खाने के बाद ठीक से दांत और मुंह की सफाई नहीं होने से बैक्ट्रिया जमा हो जाते है, जो दांतों को सड़ाने लगते है तथा इससे दांत और मसूड़े खराब हो जाते है। डॉ हिमांशु ने कहा कि गुटखा व निकोटिन की आंदते भी दांत और मुंह के लिए नुकसानदेह होती है। इससे माउथ कैंसर का खतरा रहता है। उन्होंने लोगों से ऐसे चीजों से परहेज करने को कहा और बताया कि दांत हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंग है तथा इसके बिना हम कुछ भी खा पी नहीं सकते है।

**अल्ट्रा साफ्ट ब्रश का करना चाहिए उपयोग :** उन्होंने ब्रश करने के तरीकों को भी समझाया और बताया कि ब्रश के लिए हमें अल्ट्रा साफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए। कड़ा ब्रश मसूड़ो और दांतों को नुकसान पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि अधिक देर तक ब्रश करना भी नुकसानदेह होता है। हमें डेढ़ से ढाई मिनट तक ही ब्रश करना चाहिए। इससे दांत साफ रहता है तथा मसूड़ो को नुकसान भी नहीं पहुंचता है। उन्होंने लोगों को मुलायम ब्रश का उपयोग करने के लिए ही प्रेरित किया।

### दांतों की गंभीर बीमारी है पायरिया

उन्होंने बताया कि पायरिया दांतों की गंभीर बीमारी है। यह गुटखा खाने, धुम्रपान करने, मुंह और दांतों की सफाई ठीक से नहीं करने, विटामीन सी व न्यूट्रिशन डिफिसिएंशी की वजह से होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान पायरिया की संभावना अधिक रहती है। इस बीमारी के लक्षण मुंह से दुर्गंध आना, ब्लड आना, मंसूड़ा में सूजन, लालीपन या मंसूड़े बड़ा या छोटा हो जाना है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का निदान विटामीन सी की कमी को पूरा करना, दांतों की सफाई पर ध्यान देना तथा गुटखा व धुम्रपान से परहेज करना है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है दंत चिकित्सालय

स्टेशन रोड के पाल कटरा में संचालित होने वाला दंत अस्पताल युवा दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडेय के नेतृत्व में संचालित होने वाला एक अत्याधुनिक दंत अस्पताल है। यहा दंत रोपण के साथ ही रूट कैनाल यानी सड़े गले दांतो का इलाज, कम्लीट डेंचर, रिमूवल पार्सियल डेंचर, फिक्स दांतों की रोपाई के साथ ही दांतों की सर्जरी द्वारा छोटे या बड़े हुए दांतो को ठीक किया जाता है। डा हिमांशु ने बताया कि उकने अस्पताल में दांत के सभी तरह के बीमारियों का इलाज के साथ ही टूटे जबड़े का आपरेशन भी किया जाता है।

## फटाफट खबरें

### चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**डुमरांव।** बढ़ते अपराध को देखते हुए डुमरांव व कोरानसराय पुलिस वाहन चेकिंग को लेकर सख्त दिखी। पुलिस ने जमकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसके लिये नया थाना के दुपहिया वाहनों को रोक कागजातों की जांच की गई। वैसे ही पुलिस के तेवर बाइक चालको पर कुछ अधिक ही चढ़ गया है। यही कारण है कि शनिवार को पुलिस ने देर तक वाहनों को रोक जांच पड़ताल की। पुलिस द्वारा चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों की मुश्किले बढ़ी रही। वाहन चेकिंग का असर यह हुआ कि हमेशा दुपहिया वाहनों से पटा रहने वाले स्टेशन रोड में घंटों दुपहिया वाहनों का परिचालन थम सा गया था।

### दबंगों के संरक्षण में चल रहा पशु तस्करी कार्य

**डुमरांव।** पशु तस्करी का कार्य दियारा के दबंग प्रवृत्ति के लोगों के संरक्षण में पिछले कई वर्षों से संचालित हो रहा है। चक्की, नैनिजोर, मझवारी, मुकुंदपुर सहित आस-पास के प्रखंडों की सीमा उत्तर प्रदेश से सटा होने के चलते इस कार्य को बेरोक-टोक बढ़ावा दिया जा रहा है। रात के अंधेरे के साथ दिन के उजाले में भी में पशु तस्करी का कार्य गंगा के तटीय इलाकों में देखा जा सकता है। इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में क्षेत्र में एक बहुत बड़ा गिरोह काम कर रहा है। क्षेत्रिय राजेश यादव, कमलेश यादव, सुरेश सिंह, मनोज पाण्डेय आदि ने बताया कि दियारे के इलाके में रसूखदार नेताओं व पुलिस के संरक्षण में चल रहा यह धंधा एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर चुका है।

### सड़क किनारे फेंका जा रहा कूड़ा उठ रहा दुर्गंध

**डुमरांव।** डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव कर वाहवाही लूटने वाली डुमरांव नगर परिषद कचरा प्रबंधन में फिसड्डी साबित हो रही है। जिससे शहर के वातावरण में प्रदूषण का जहर घूल रहा है। उचित प्रबंधन के तरीकों के अभाव में हर दिन लोगों के घरों से निकलने वाले कूड़े को सफाई कर्मी शहर के बाहरी हिस्से में सड़क किनारे यूं ही फेंक दे रहे है। जिससे कूड़े से उठने वाला दुर्गंध आस पास के लोगों के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। वही बरसात में स्थिति और गंभीर होने की बात बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सफाई कर्मियों द्वारा जंगल बाजार व जंगलीनाथ शिवमंदिर, सुमित्रा कॉलेज रोड़, कोरानसराय नहर मार्ग के बीच सड़क के किनारे कूड़े फेंका जा रहा है।

# पर्यावरण को बचाना है तो पॉलिथीन के इस्तेमाल को नकारना होगा : डॉ रमेश सिंह

- बिहार के औसत तापमान में करीब डेढ़ से दो डिग्री का हुआ इजाफा
- बढ़ता तापमान हमारी जैव समृद्धि के सामने खड़ा कर रहा संकट

**केटी न्यूज/ बक्सर**



डॉ. रमेश सिंह का फाइल फोटो



इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पृथ्वी दिवस को लेकर देश और दुनिया में जागरूकता का भारी अभाव है। सामाजिक या राजनीतिक दोनों ही स्तर पर इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जाते। कुछ पर्यावरण प्रेमी अपने स्तर पर कोशिश करते रहे हैं, लेकिन यह किसी एक व्यक्ति, संस्था या समाज की चिंता तक सीमित विषय नहीं होना चाहिए। सभी को अपनी ओर से इसमें कुछ न कुछ आहुति देनी पड़ेगी तभी बात बनेगी। उक्त बातें संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल डुमरांव के डायरेक्टर रमेश सिंह ने केशव टाइम्स से बातचीत में रविवार को कहा। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते, तो कम से कम इतना तो करें कि पॉलिथीन के उपयोग को नकारें, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दें। क्योंकि जितन ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा।

पर्यावरण का संकट हमारे लिए एक चुनौती के रुप में उभर रहा है। संरक्षण के लिए अब तक बने सारे कानून और नियम सिर्फ किताबी साबित हो रहे हैं। पारस्थितिकी असंतुलन को हम आज भी नहीं समझ पा रहे हैं। पूरा देश जल संकट से जूझ रहा है। जंगल आग की भेंट चढ़ रहे हैं। प्राकृतिक असंतुलन की वजह से पहाड़ में तबाही आ रही है। पहाड़ों की रानी कही जाने वाले शिमला में बूंद-बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। आर्थिक उदारीकरण और उपभोक्तावाद की संस्कृति गांव से लेकर शहरों तक को निगल रही है। प्लास्टिक कचरे का बढ़ता अंबार मानवीय सभ्यता के लिए सबसे बड़े संकट के रुप में उभर रहा है। बढ़ते प्रदूषण और कचरों के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है।रमेश सिंह ने कहा कि पिछले 50 साल में बिहार के औसत तापमान में करीब डेढ़ से दो डिग्री का इजाफा हुआ है। बढ़ रहे तापमान से बिहार में रहस्यमयी बुखार मसलन चमकी और डेंगू जैसे बुखार और खतरनाक होते जा रहे हैं। इस बात का जिक्र ह्यस्टेट एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंजह्व में किया गया है। इसमें बताया गया है कि अगर धरती के बढ़ते तापमान पर काबू नहीं पाया गया, तो हमारी जैव समृद्धि के सामने संकट खड़ा हो जायेगा। दरअसल बढ़ते तापमान से डेंगू और दूसरे बुखारों के नेचर में बदलाव आया है, जिसकी वजह से इनकी जल्दी पहचान नहीं हो पा रही है। दरअसल बिहार की धरती पर पर्यावरणीय विसंगतियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। औसत बारिश में 30 से 40 फीसदी की कमी आयी है।

# 25 नवंबर तक गेहूं की बुआई करने पर उत्पादन में होगी वृद्धि : कृषि वैज्ञानिक

## डुमरांव कृषि कॉलेज के वैज्ञानिकों ने पछता गेंहू की खेती करने वाले किसानों को बताए तरीके

- पछता खेती करने वाले किसान एचड़ी 2985, एचआई 1563 व डीडब्लू 14 बीज का इस्तेमाल
- दिसंबर के बाद न करें गेंहू की बुआई, प्रति हेक्टेयर-प्रतिदिन एक क्वींटल उत्पादन में आती है कमी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गेंहू की फसल फाइल फोटो

रबी में गेहूं की खेती मुख्य फसल है। इसकी बुआई नवंबर से दिसंबर तक होती है। हालांकि धान की खेती लेट होने से कई इलाकों में इन दिनों धान की कटाई हो रही है, तो कई इलाकों में अभी खेत में धान की फसल खड़ी है। जिससे गेंहू की बुआई समय पर संभव नहीं है। वहीं खेती पछता होने का डर किसानों को सता रहा है। जानकारों की मानें तो देर से फसल की बुआई होने से उत्पादन प्रति हेक्टेयर 4 से 5 क्विंटल की कमी आ सकती है।

इसलिए को ससमय गेंहू की बुआई करनी चाहिए। परन्तु अनुमंडल के 70 फिसदी हिस्सों में 25 नवम्बर तक बुआई संभव नहीं है। जिसको लेकर कृषी कॉलेज डुमरांव के कृषी विज्ञानिक डॉ. एके जैन ने गेंहू की बुआई के बारे में जाकनारी दी। जिसमें डॉ. जैन ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की बुआई का अपने यहां अनुकुल समय चल रहा है। जिससे 15-25 नवंबर तक बुआई करने से किसानों को फायदा होगा। दिसम्बर के पहले सप्ताह के बाद गेंहू की बुआई होती है, तो प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन एक क्वींटल गेंहू की उपज कम होती है।

**प्रति बीघा 25 किलो बीज का करे इस्तेमाल:** डॉ. जैन ने कहा कि दिसंबर के पहले बुआई करने पर किसानों को प्रति बीघा 25 किलो गेंहू का बीज लगेगा। जबकि दिसम्बर माह के पहले सप्ताह के बाद बुआई करने पर 30-35 किलो बीज लगेगा। वहीं प्रति एक बीघा में 20 किलो यूरिया खाद की ही छिड़काव करें नहीं तो फसल के अलावे खेतों का भी नुकसान पहुंचाता है।

**देर से गेंहू की बुआई करने पर उत्पादन में आती है भारी कमी :** डॉ. एके जैन ने कहा कि जो किसान गेंहू बुआई समय से करते है। उनकी गेहूं की फसल से अधिकतम उत्पादन होती है। क्योंकि गेंहू की खेती में समय महत्वपूर्ण कारक है। समय से बहुत पहले या बहुत बाद में गेहूं की बुवाई करने से उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। नवंबर-दिसंबर के मध्य में बुआई संपन्न कर लेना चाहिए। डॉ. जैन ने बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद गेंहू की बुआई करने से प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन-प्रति क्विंटल कम होती है। जैसे-जैस बुआई देर से होगी फसल की उत्पादन में कमी आएगी।

**पहली पटवन 21 दिन बाद जरूरी : डॉ.** जैन कहते है कि पहली सिंचाई हलकी भूमि में 21 दिन बाद। दूसरी सिंचाई अंकुरित होने के समय में 40-45 दिन बाद। तीसरी सिंचाई गांठें बनते समय 60-65 दिन बाद। चौथी सिंचाई पुष्पावस्था में 80-85 दिन बाद। पांचवीं सिंचाई दुग्धावस्था में 100-115 दिन बाद करें।

### बेहतर बीज के चयन से उत्पादन में होगी वृद्धि

डुमरांव कृषी महाविद्यालय के प्रचार्य सह वैज्ञानिक डॉ. जैन बताया कि इस बार गेंहू के लिए काफी अनुकुल समय है। क्योंकि ठंड के कारण हवा में नमी बढ़ती जा रही है। इस दौरान अगर किसान 15- 25 नवंबर तक गेंहू की बुआई करते है, तो इससे उन्हें दुगना फायदा होगा। जिसमें उन्हें बीच एचडी 2967, 2733 इस्तेमाल करना होगा। इससे पहले किसानों को बीच का टीकाकरण करने से फायदा होगा। जिसमें प्रति किलो दो ग्राम वेवेस्टीन दवा मिलानी होगी। वहीं दीमक वाले क्षेत्र में 40 किलो गेंहू में क्लोरो पाइस फोर्स 100 एमएल लगाना होगा। जिसकी किमत 35-40 रुपए पड़ेगा। वहीं पछता बुआई करने वाले यानी 25-30 दिसम्बर के लिए किसान एचड़ी 2985, एचआई 1563 व डीडब्लू 14 बीज का चयन करें। जिससे गेंहू की उपज अच्छी होगी।

### कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि ऐसे करे गेंहू की बुआई

डॉ. एके जैन ने गेंहू की खेती कैसे करने के बारे किसानों को बताया कि खेत की तैयारी सामान्य गेहूं की भांति ही करते हैं। खरपतवार व फसल अवशेष निकालकर खेत की तीन-चार बार जुताई कर मिट्टी को भुरभुरा (महीन) कर लें। उसके बाद पाटा चलाकर खेत को समतल कर जलनिकासी का उचित प्रबंधन करें। यदि दीमक की समस्या है तो दीमक नाशक दवा का प्रयोग करना चाहिए। खेत में पर्याप्त नमी न होने पर बुवाई के पहले एक बार पटवन करना चाहिए। किसानों को चाहिए खेत में छोटी-छोटी क्यारियां बना लें। इस तरह से सिंचाई समेत दूसरे कृषि कार्य आसानी से और कम लागत में हो सकेंगे। बुआई के समय गेहूं की फसल से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने में बुआई का समय महत्वपूर्ण कारक है। समय से बहुत पहले या बहुत बाद में गेहूं की बुवाई करने से उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# डुमरांव में टेंपो स्टैंड संचालक की मनमानी के खिलाफ ऑटो चालकों ने किया चक्का जाम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव रेलवे स्टेशन के टेम्पो स्टैंड संचालक के मनमानी तथा निर्धारित से बहुत अधिक किराया वसूलने के खिलाफ टेम्पों चालक गोलबंद हो गए है। टेम्पो चालकों ने इस मनमानी के खिलाफ चक्का जाम कर दिया है। उनका कहना है कि जबतक निर्धारित शुल्क पर संचालक उन्हें स्टैंड में टेम्पो खड़ा नहीं करने देंगे तबतक उनका अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। रविवार की शाम इस मुद्दे पर संचालक व टेम्पो चालकों के बीच जमकर बहश भी हुई थी। मामले में आरपीएफ ने भी हस्तक्षेप किया था। लेकिन इसका परिणाम सिफर साबित हुआ।

जिसके बाद टेम्पो चालकों ने हड़ताल की घोषणा कर दी है। टेम्पो चालकों के हड़ताल से यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। खास यह कि आज से शुरू हुए शुभ लग्नों में बड़ी संख्या में यात्री शाम में स्टेशन पर आए थे। लेकिन उन्हें टेम्पो चालकों के हड़ताल का दंश झेलना पड़ा। इस संबंध में टेंपो संचालक संघ के अध्यक्ष बबन प्रसाद तथा उपाध्यक्ष बिनोद पांडेय ने बताया कि पूर्व में रेलवे स्टैंड संचालक द्वारा प्रतिदिन एक टेंपो का किराया 25 रुपया लिया जाता था। लेकिन रविवार को दोपहर अचानक स्टैड संचालक द्वारा फरमान जारी किया गया कि अब चालकों को प्रति फेरा 25 रुपए की राशि देनी होगी। संचालक के इस मनमानी भरी फैसले के बाद से ही टेंपो चालकों ने जमकर विरोध किया।

मामला रेल अधिकारी आरपीएफ के पास गया। स्टेशन पर तैनात आरपीएफ व जीआरपी के पुलिसकर्मी टेंपो स्टैंड तक आए। लेकिन पुलिस वाले भी टेंपो चालकों के दुख-दर्द सुनने के बजाय स्टैंड संचालक के पक्ष में बोलने लगे। इसके बाद टेंपो चालकों ने तत्काल बैठक कर निर्णय लिया कि स्टैंड संचालक द्वारा पैसा वसूली की नियमावली नहीं बदली गई तो अनिश्चित हड़ताल किया जाएगा। सोमवार से शहर में टेंपो नहीं चलाने का निर्णय लिया गया है। टेंपो संचालकों ने लिए गए इस निर्णय से स्टेशन प्रबंधक एवं आरपीएफ जीआरपी के अलावे स्थानीय डुमरांव थाना पुलिस व लोकल प्रशासन को अवगत करा दिया है। इस दौरान दर्जनों टेम्पो चालक मौजूद थे। सोमवार से टेम्पो नहीं चलने की घोषणा से वैसे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है जो टेम्पो से ही नियमित अपने घर से स्टेशन तथा स्टेशन से घर तक का सफर करते है।

# आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए इंजीनियर अवधेश कुमार

**केटी न्यूज/बक्सर**



रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में गया स्नातक विधान परिषद क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्नातक लोगों को मतदाता बनाने के लिए जागरूकता सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी और बीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष इंजीनियर अवधेश कुमार ने नगर के गोयल धर्मशाला में आयोजित किया। स्नातक वोटरों को सदस्यता दिलाने के साथ टीम के सभी सदस्यों को स्नातक वोटर बनाने और वोटर बनने के संकल्प में अपनी अहम भूमिका एवं महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला एवं पुरुष स्नातक मतदाताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम अवतार पांडे व संचालन रामजी तिवारी ने किया। इस दौरान कल्लू राय रविंद्र मिश्र उर्फ कोराइल बाबा संजीवनी ग्रुप के चेयरमैन डॉ बीके सिंह शहरी तिवारी सोनू कुमार सुनीता देवी डॉक्टर हींग मणि देवी गुड्डू राय बृजमोहन राय दिनेश श्रीवास्तव कृष्ण बिहारी राय बबीता गुप्ता शशिकांत तिवारी संगीता देवी बलिराम राय ओंकार राय नवीन कुमार चंदन जी जाकिर हुसैन और धनंजय राय मौजूद रहे।

# सुविधाओं व ट्रेनों की कमी से यात्रियों को होना पड़ता है परेशान : कामेंद्र

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**



बैठक करते यात्री कल्याण समिति के सदस्य

दानापुर रेल मंडल के टुड़ीगंज स्टेशन पर यात्रियों यात्री सुविधाओं की घोर कमी को लेकर रविवार को यात्री कल्याण समिति की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कामेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में ट्रेन संख्या 13209/13210 मेमो ट्रैन को पटना से पूर्व समय सुबह 7:40 पर चलाने, टुड़ीगंज स्टेशन पर दो साल से रुके ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शुरू कराने, कोरोना काल मे बंद हुए एक्सप्रेस टेज्नों का पुनः परिचालन कराने, कोरोना काल के पहले जो किराया था, फिर से उसी किराया को लागू करने, टुड़ीगंज स्टेशन के अप एवं डाउन प्लेटफार्म का पीसीसी करने की मांग पर चर्चा किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि यदि इस स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शीघ्र सुनिश्चि नहीं हुआ तथा यात्री सुविधाओं की बहाली नहीं की गई तो जल्दी ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी रेल प्रशासन की होगी। समिति ने कहा कि इस स्टेशन से आस पास के दो दर्जन से अधिक गांवों के यात्री यात्रा करते है। लेकिन सुविधाओं व ट्रेनों की कमी से उन्हें परेशान होना पड़ता है। यात्री कल्याण समिति के संचालक अध्यक्ष बाला यादव ने बैठक का संचालन किया।

## छोटी खबरें

### हर क्षेत्र में प्रतिभा बेशुमार, जरूरत है सहेजने व परखने की : डॉ. रामचंद्र



**बक्सर।** राज्य के हर क्षेत्र में प्रतिभा बेशुमार है। जरूरत है सहेजने और परखने की है। इस धरती को समय-समय पर हीरा मिलते रहा है। इस उर्वरा प्रतिभा को राज्य नहीं पूरे देश में सम्मान मिलना चाहिए। उक्त बातें विधान परिषद के उपाध्यक्ष रामचंद्र पूर्वे ने रविवार को पंडित रामचंद्र शुक्ला स्मृति सम्मान समारोह 2022 को संबोधित करते हुए कहा। गांधी संग्रहालय पटना में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षक डॉ मनीष कुमार शशि को सम्मानित किया गया। ऑनलाइन शिक्षण और विगत 5 वर्ष के सामाजिक और शैक्षिक कर्तव्य के उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। जिला के सक्रिय शिक्षिका अनीता यादव शिक्षक डॉ सुरेंद्र सिंह को भी इस मौके पर पुरस्कृत किया गया। बिहार सरकार के विधि मंत्री मोहम्मद शमी अहमद , केकब कादरी कांग्रेस अध्यक्ष, विधान पार्षद डॉ रामबली सिंह, विधायक अश्वनी कुमार शर्मा, विधायक विभूति कवि, महेश प्रसाद शर्मा, सत्यनारायण, निदेशक सत्येंद्र कुमार, हिमांशु कवि किशोर भारती अजय कुमार चौधरी डॉ. पूनम आनंद इत्यादि लोगों ने अपने अपने विचार से सभा मैं अपने विचार व्यक्त किए। बिहार में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए सहयोग की अपील की। वक्ताओं ने गांधी जी और पंडित रामचंद्र शुक्ल के साथ बिहार के शैक्षणिक और राजनीतिक जागरूकता के 100 साल पूर्व की कहानी को याद करते हुए कहा कि जरूरत बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने की है। कार्यक्रम अध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा विजेता को शुभकामना संदेश दिए। साथ ही, बिहार के अजीत कुमार सिंह, भगवती प्रसाद द्विवेदी, नागेंद्र नाथ तिवारी, अजीत शुक्ला, हरेंद्र सिन्हा, इत्यादि शुभकामना संदेश दिया। जिला बक्सर के शिक्षक विकास कुमार, विपिन कुमार, शिल्पम, ऋतुराज ,प्रमोद कुमार चौबे, अमरनाथ दुबे, अंजनी चौरसिया, डॉ. पम्मी राय, मनीषा सिंह, रामा शंकर चौधरी इत्यादि ने विजेता शिक्षक को बधाई दी।

### आज से नौ दिवसीय सीताराम विवाह महोत्सव शुरू

**बक्सर।** सिद्धाश्रम की पहचान बन चुका सीता राम विवाह महोत्सव 21 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले उत्सव की तैयारी में लोग भी जुटे हैं और प्रशासन भी। शहर के नया बाजार स्थित आश्रम में यह उत्सव संपन्न होगा। सूचना के अनुसार 26 को मशहूर पुष्प वाटिका प्रसंग का मंचन होना है। जिसमें महंत राजाराम शरण जी माली की भूमिका में होंगे। यह मंचन दोपहर में होगा। रात्रि में धनुष यज्ञ की तैयारी है। 27 को शहर में राम बारात निकलेगी तथा 29 को रात्रि में राम विवाह महोत्सव होगा। नौ दिनों तक यहां राम लीला, कृष्ण लीला होगी।

# सर्दियों में नवजात की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्तनपान जरूरी

- छह माह तक नवजात को सिर्फ स्तनपान कराएं, बीमारी से होगा बचाव
- मजबूत रोग-प्रतिरोधक क्षमता के लिए संपूर्ण टीकाकरण भी जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में ठंड बढ़ती जा रही है। ऐसे में नवजात के स्वस्थ शरीर निर्माण के लिए उचित देखभाल बेहद जरूरी है। जिसे मां के साथ-साथ पूरे परिवार को सुनिश्चित करना होता है। जरा सी लापरवाही, उनके लिए परेशानी का कारण बन जाती और नवजात बार-बार बीमार होने लगते हैं। जिसके कारण वो शारीरिक रूप से तो कमजोर होते हैं, जिसका मुख्य कारण उनकी कमजोर रोग-प्रतिरोधक क्षमता है। इसलिए, जन्म के बाद नवजात की रोग-प्रतिरोधक क्षमता समेत अन्य देखभाल को लेकर पूरी तरह सजग रहें। इसके लिए नवजात को जन्म के छह माह तक सिर्फ मां का ही स्तनपान कराएं। इस दौरान पानी भी नहीं दें। इससे ना सिर्फ बच्चे स्वस्थ रहते , बल्कि उसकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

**छह माह तक बच्चों को न दें ऊपरी आहार :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्?ट ने बताया कि उचित पोषण से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बच्चे स्वस्थ भी रहेंगे। इसलिए, शिशु को जन्म के पश्चात छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां के ही दूध का सेवन कराएं। इस दौरान बच्चों को किसी भी प्रकार का कोई ऊपरी आहार नहीं दें। यहां तक कि पानी भी न दें। मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता और स्वस्थ शरीर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। मां के दूध में मौजूद पोषक तत्व जैसे पानी, प्रोटीन, विटामिन, काबोर्हाइड्रेट मिनरल्स, वसा, कैलोरी शिशु को न सिर्फ बीमारियों से बचाते हैं, बल्कि उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते । साथ ही बच्चे की पाचन क्रिया भी मजबूत होती है।

**जन्म के बाद आधे घंटे के अंदर नवजात को दूध पिलाना अनिवार्य :** मां के दूध को शिशु का प्रथम टीका कहा गया है, जो छह माह तक के बच्चे के लिए बेहद जरूरी है। छह माह के बाद बच्चों के सतत विकास के लिए ऊपरी आहार की जरूरत पड़ती है। नवजात के स्वस्थ शरीर निर्माण के लिए जन्म के बाद आधे घंटे के अंदर नवजात को मां का दूध पिलाएं। इसके सेवन से नवजात की रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। किन्तु, जानकारी के अभाव में कुछ लोग इसे गंदा या बेकार दूध समझ नवजात को नहीं पिलाते हैं। जबकि, सच यह है कि मां का पहला गाढ़ा-पीला दूध नवजात के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**छह माह के बाद ही नवजात को दें ऊपरी आहार :** नवजात को छह माह के बाद ही किसी प्रकार का बाहरी या ऊपरी आहार दें। छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का ही स्तनपान कराएं और कम-से-कम से कम दो वर्षों तक ऊपरी आहार के साथ मां का स्तनपान भी जारी रखें। साथ ही नवजात के लालन-पालन के दौरान साफ-सफाई का भी विशेष ख्याल रखें। बच्चों को गोद लेने के पहले खुद अपने हाथों को अच्छी तरह से धो लें, बच्चों को हमेशा साफ कपड़ा पहनाएं, गीला व गंदा कपड़ा से बच्चे को हमेशा दूर रखें। इससे वह संक्रामक बीमारी से बचा रहेगा।

## छोटी खबरें

### सुसाइड नोट छोड़कर युवक ने नदी में लगाई छलांग, देर शाम तक नहीं मिला कोई सुराग



**मऊ।** जिले के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के बेलवा घाट स्थित तमसा नदी में रविवार की दोपहर एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर नदी में छलांग लगा दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से युवक की तलाश में जुटी रही। लेकिन, युवक का कोई सुराग नहीं मिला। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के डोमनपुरा गोलवा निवासी 25 वर्षीय जावेद अपनी बहन के यहां रहता था। जावेद रविवार की दोपहर लगभग पौने दो बजे आत्महत्या करने के इरादे से नदी के किनारे सुसाइड नोट लिखकर बेलवा घाट नदी के पास पहुंचा और नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में छलांग लगाते देख एक व्यक्ति ने बचाव के लिए लोगों को बुलाया। जब तक नदी में जाते युवक गहरे पानी में अदृश्य हो गया। काफी देर बाद बाहर नहीं निकला तो लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष तय्यब पालकी व शाहिद लारी भी पहुंच गए। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में भीड़ मौजूद है। युवक द्वारा लिखा सुसाइड नोट पुलिस को मिला युवक डूबने से पहले एक शख्स के नाम सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो पुलिस के हाथ लगा है। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा उसके उपर पांच फर्जी मुकदमा किया गया है। मेरी रोजी-रोटी छीन ली है इसी वजह से मुझे मजबूर होकर आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें पुलिस भी मिली हुई है।

### साधना फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ चढकर किया स्वैच्छिक रक्तदान



**वाराणसी।** साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मौर्या के निर्देश पर वाराणसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें साधना फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्वैच्छिक रक्तदान किया। रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर राजा बलदेव दास बिरला हॉस्पिटल में लगाया गया। जिसमें वाराणसी की टीम के सभी सदस्य और पदाधिकारी स्वैच्छिक रक्तदान का हिस्सा बने। पिछले एक दशक से लगातार स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाली संस्था साधना फाउंडेशन ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में पूर्वांचल प्रभारी विनोद कुमार तथा वाराणसी मंडल प्रभारी आशीष कुमार पाल के नेतृत्व में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि साधना फाउंडेशन की तरफ से पूरे उत्तर प्रदेश में रक्तदान व प्लेटलेट दान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से जहां लोगों की जिंदगी बचाई जा रही है, वहीं जागरूकता रैली, सेमिनार, गोष्टी आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में साधना फाउंडेशन लगातार रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को जीवनदान देने का काम कर रहा है। वाराणसी में सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय रक्तदान प्रभारी वेदांत कुमार, राष्ट्रीय सह रक्तदान प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी, फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर अखिलानंद तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### श्रीराम जानकी मंदिर से चोरों ने नौ मूर्तियों पर किया हाथ साफ, जांच में जुटी पुलिस



**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के खोरीपाकर गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से बीती रात चोरों ने नौ मूर्तियों पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह जब पुजारी मंदिर का दरवाजा खोलने गए, तो दरवाजा टूटा देख दंग रह गए। तुरंत इसकी सूचना गांव वालों को दी, देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसबीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। जहां लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। जहां लोगों ने बताया कि चोरी हुई मूर्तियों में श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण जी, राधाकृष्ण आदि शामिल है। लोगों ने बताया कि नौ वर्ष पूर्व भी इस मंदिर से एक बार चोरी हुई थी। जिसमें कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस ने लोगों की बात सुनकर अज्ञात चोरों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करायी। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बांध से उतरने के दौरान खेत में पलटा हार्वेस्टर, चालक की मौत, मिस्त्री की हालत गंभीर



**बलिया।** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के नरहनी गांव के समीप एक हार्वेस्टर मशीन खेत में उतरते समय पलट गई। जिसमें ड्राइवर व एक कर्मचारी दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सिकंदरपुर थाना स्थित मटुरी निवासी मुख्तार खान की हार्वेस्टर धान काटने के लिए नरहनी गांव जा रही थी। अभी वह बंधे से नीचे उतर रही थी तभी असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें बिहार के पूर्णिया जिले के मोहनिया नबटोलिया निवासी जुगली शर्मा का बेटा भुद्धू शर्मा (ड्राइवर) व रामचंद्र यादव का बेटा दिलीप कुमार यादव गाड़ी के नीचे दबकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। जहां ड्राइवर बिद्धू शर्मा को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दिलीप कुमार यादव की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे प्रभारी निरीक्षक योगेश यादव ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अब गूगल मैप पर महिलाएं सर्च कर सकती हैं पिंक शौचालय का लोकेशन

- नगर पालिका ने किया पिंक शौचालय व आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण
- आरओ प्लांट से गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग, छात्र-छात्राएं के अलावा सभी को मिलेगा लाभ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




लोकार्पण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व अन्य

नगर पालिका परिषद गाजीपुर हमेशा जनहित में लोककल्याण के कार्य में निरंतर अहम भूमिका निभा रहा है। नपा द्वारा लोकार्पण का सिलसिला बदस्तूर जारी है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका ने महात्मा गांधी वार्ड के गांधी पार्क में पांच सीटर पिंक शौचालय (महिलाओं के लिए) एवं महुआबाग में ओपियम फैक्ट्री से ददरीघाट तक नए गेट खुलने वाले स्थान के पास आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण नपाप की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने किया। नपाप की अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाली पिंक शौचालय की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है।

जिसका उदाहरण पिंक शौचालय का लोकार्पण है। पिंक शौचालय के बारे में शासन की मंशा एवं उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि अब तो गूगल पर सर्च कर यह देखा जा सकता है कि जहां पर हम खड़े हैं वहां से कितनी दूरी पर शौचालय उपलब्ध है। जिसका फायदा महिलाओं और किशारियों को मिलेगा। उन्होंने अन्य विकास कार्यों की भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कुछ कर्मचारियों को पीपीई किट वितरित किया गया।

पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका अपनी जनता को सभी स्तर पर जनसुविधा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र में चल रहे बहुमुखी विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हम प्रत्येक क्षेत्र में सड़कों, गलियों व ढक्कनयुक्त नाली निर्माण, आरओ वाटर प्लान्ट, हैंडपम्प का मरम्मत व नया अधिष्ठापन, कुओं का सुन्दरीकरण, घाटों पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम की स्थापना, ओवर हेड टैंकों की सफाई-रंगाई-पोताई, पम्प हाउस की मरम्मत, नए ट्यूबवेल की स्थापना, उदूर्बाजार में सामुदायिक भवन का निर्माण, छावनी लाइन में कूड़ा निस्तारण हेतु चले रहे निर्माण कार्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने महुआबाग में आरओ वाटर प्लान्ट के बारे में बताया कि यहां की क्षेत्रीय जनता की गंभीर मांग पर यह आरओ वाटर प्यूरी फायर लगाया गया है। जिसकी टैंक 500 ली. व 150 ली. प्रतिघंटा पानी देने की क्षमता है। जिससे यहां के गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग, स्कूली छात्र-छात्राएं व बाहर से आने-जाने वालों को इसका भरपूर लाभ मिल सकेगा।

पिंक शौचालय के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ राजनैतिक कार्यकत्र्ता अजय सिंह व संचालन सोमेश मोहन राय एवं महुआबाग आरओ वाटर प्लांट के कार्यक्रम का संचालन अजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रमों में भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, भाजपा नेता भगवती राय, वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व प्रबंधक स्टेट बैंक मारकण्डेय सिंह, गिरजाशंकर पाण्डेय, एडवोकेट अजय पाठक, कुंवर बहादुर सिंह, सरिता गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया।

### लूट की घटना में चालक और खलासी से पूछताछ में जुटी पुलिस, दोनों की भूमिका संदिग्ध

# 14 दिन पहले गया से लूटा गया ट्रक बलिया से बरामद, लाखों रुपए के परचून के सामान गायब

- पंचर होने के कारण लूटेरों ने ट्रक को लावारिस हालत में छोड़ा
- लूटेरों ने चालक व खलासी के हाथ पैर बांधकर सुनसान मार्ग पर फेंका

**केटी न्यूज/बलिया**



ट्रक की जांच करती पुलिस की टीम

बिहार राज्य के गया जनपद अंतर्गत आमस से परचून का सामान लदी ट्रक को बलिया पुलिस ने बैरिया थाना क्षेत्र के चकिया गांव के पास से बरामद कर लिया है। बैरिया पुलिस ने गया से आयी पुलिस टीम को सुपुर्द कर दिया।

मामले में बताया जाता है कि गया जिले के आमस थाना क्षेत्र से लाखों रुपये मूल्य के परचून सामान से लदी ट्रक 14 दिन पहले लूटी गयी थी। बैरिया थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकिया गांव के पास से लावारिस हालत में एक ट्रक बरामद की गई थी। ट्रक का टायर व बैट्री सहित अन्य सामान भी गायब। लेकिन, ट्रक के नंबर से उसके मालिक की पहचान कर संबंधित थाने को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद आमस थाना ने उनसे संपर्क किया। जिसमें पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उक्त ट्रक पर लाखों रुपये मूल्य के परचून के सामान थे। जिसके बाद थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि ट्रक पर उन्हें कुछ नहीं मिला। जिसके बाद आमस थाना ने ट्रक के मालिक को इसकी सूचना दी। साथ ही, ट्रक को वापस ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

बताया जाता है कि बीते पांच नवंबर की रात अज्ञात अपराधियों ने गया जिले के आमस के मोरह पुल से लाखों रुपये के परचून के सामान लदे ट्रक को हाइजैक कर लिया था। जहां अपराधियों ने चालक व खलासी के हाथ-पैर बांध कर वारूण के पास जीटी रोड के किनारे सुनसान स्थान पर फेंक दिया था। पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए लूट कांड के उद्भेदन में खूद जुटे हुये थे।

चार दिन पूर्व आमस थाने की जांच में पहुंचे सीटी एसपी ने लूटी गई ट्रक के चालक व खलासी से घंटों पूछताछ की गई थी। उनकी गतिविधि भी संदिग्ध प्रतित होती है। चूंकि लूट से पूर्व चालक-खलासी के मोबाइल घंटों बंद थे। इधर, आमस थानेदार अरविंद किशोर लूटेरों की टोह में दिन-रात खाक छान रहे थे। बिहार के अलावा झारखंड व यूपी पुलिस के संपर्क में थे। बताया जाता है कि यूपी के बलिया पुलिस ने रोड किनारे लावारिस हालत में खड़ी ट्रक की जानकारी आमस पुलिस को दी। जिसके बाद आमस पुलिस बलिया पहुंच गई। जांच की गई तो लावारिस हालत में खड़ी ट्रक आमस से लूटी गई निकली। हालांकि लूटेरों का अभी तक सुराग नहीं मिला है।

### हत्या मामले में पांच को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नरेंद्र पाल राणा की अदालत ने हत्या मामले में सुनवाई करते हुए नगरा थाना क्षेत्र के पांच अभियुक्तों को दोषी पाया। उन्हें आजीवन कारावास और प्रत्येक को 25000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदंड में पीड़ित को 75 हजार प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया है। वादी मुकदमा ने थाना नगरा में एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह नगरा थाना क्षेत्र स्थित चाचया का निवासी है। सात मार्च 2016 को वादी के पिता मालीराम पुत्र स्व. गोवर्धनराम (55) खेतों की तरफ गए थे। रामशेर के डेरा पर गांव के ही लोहा पुत्र स्व. सरल राम, देवेंद्र पुत्र गौरी राम, जितेंद्र पुत्र श्यामपति राम, बीरबल पुत्र स्व. सरल राम, शिवकुमारी पत्नी लोहा राम, गीता पत्नी जितेंद्र राम ने लाठी, डंडा और पलटा आदि से मारकर उनके पिता की हत्या कर दी। बचाने गए उसके भाई साधु भी घायल हो गए। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। इस पर न्यायालय ने सुनवाई करते हुए अभियोजन के तरफ से प्रस्तुत समस्त साक्ष्यों को देखा।

# अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, अस्पताल ले जाने के दौरान मौत

**केटी न्यूज/मऊ**



घटना के बाद पहुंची पुलिस

मोहम्मदाबाद गोहना-आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित बनियापार पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में साइकल सवार की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जिसकी सूचना पर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही, पुलिस ने कुछ दूरी पर ट्रक को पकड़ लिया। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप के पास साइकल सवार आजमगढ़ की ओर से मुहम्मदाबाद गोहना की तरफ जा रहा था। इस बीच दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार से एक ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। जिससे घायल का दोनों पैर उसके शरीर से अलग हो गया और उसके सिर में भी गंभीर चोट लगी। जिसे देखकर पास के पेट्रोल पंप के मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। तत्परता दिखाते हुए मौके पर पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को पकड़कर ट्रक और चालक को अपने हिरासत में ले लिया।

मौके पर पहुंचे कोतवाल शैलेश सिंह व पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस का इंतजार न करते हुए एक प्राइवेट वाहन से मुहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मामले में उप निरीक्षक उमेश सरोज ने बताया कि पुलिस ने अपनी ओर से साइकल सवार को बचाने की पूरी कोशिश की। लेकिन, वह नहीं बच सका। मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। हालांकि, देरशाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**मऊ।** जिले के घोसी थाना क्षेत्र के नदवासराय फोरलेन के समीप साइकिल सवार वृद्ध को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घोसी थाना स्थित बीबीपुर निवासी हरिहर रविवार की सुबह अपनी साइकिल से नदवासराय के लिए निकले थे। जैसे ही नदवासराय फोरलेन के पास पहुंचे, एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर शाम उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विधायक अब्बास अंसारी को नैनी सेंट्रल जेल से चित्रकूट जेल में किया गया शिफ्ट

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



विधायक अब्बास अंसारी की फाइल फोटो

बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी को नैनी सेंट्रल जेल से चित्रकूट जिला जेल शिफ्ट किया गया है। इस खबर से बांदा जेल में भी हलचल तेज देखी गई। अब्बास को चित्रकूट जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। अब्बास अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था और कोर्ट ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

चित्रकूट जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर ने बताया कि विधायक अब?बास को शासन के आदेश पर नैनी सेंट्रल जेल से शिफ्ट किया गया है। सख्त सुरक्षा के बीच शुक्रवार की रात करीब साढ़े बारह बजे उसे जेल में दाखिल किया गया। उसे यहां पर उच्च सुरक्षा व्यवस्था में बैरक में रखा गया है। बता दें कि विधायक अब्बास अंसारी बांदा जेल में निरुद्ध बाहुबली मुख्तार अंसारी का बेटा है। प्रवर्तन निदेशालय ने चार नवंबर को उसे गिरफ्तार किया था। मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया था। शुक्रवार को अब्बास अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय ने प्रयागराज जिला जज की अदालत में पेश किया था, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश मिला। उधर जेल सूत्रों के मुताबिक अब्बास के चित्रकूट जेल में शिफ्ट होने पर बांदा जेल में जेल प्रशासन की गतिविधियां तेज रहीं।

# बलिया और वाराणसी के बीच चलेगी एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन

- अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए रेलवे प्रशासन का तोहफा
- छह दिसंबर तक चलेगी वाराणसी में अग्निवीर सेना भर्ती

**केटी न्यूज/बलिया**



वाराणसी के छावनी क्षेत्र स्थित रणबांकुरे मैदान में अग्निवीर सेना भर्ती छह दिसंबर तक चलेगी। हर दिन अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थी दौड़ के लिए आते हैं। भारतीय रेलवे प्रशासन ने अग्निवीर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वाराणसी सिटी से बलिया के बीच एक जोड़ी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसके मद्देनजर रेलवे ने अग्निवीर अभ्यर्थियों को एक तोहफा दिया है। जिसके तहत रेलवे प्रशासन ने अग्निवीर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वाराणसी सिटी और बलिया के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार ने दी। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के मुताबिक 22 नवंबर तक गाड़ी संख्या 05113 बलिया से शाम साढ़े चार बजे चलेगी, जो फेकना, चिलकहर, रसड़ा, रतनपुरा, इंदारा, मऊ, औड़िहार स्टेशन पर रुकते हुए शाम साढ़े सात बजे वाराणसी सिटी पहुंचेगी। 20 से 23 नवंबर तक गाड़ी संख्या 05114 वाराणसी सिटी से रात साढ़े आठ बजे चलेगी। यह ट्रेन औड़िहार, मऊ, इंदारा, रतनपुरा, रसड़ा, चिलकहर, फेफना स्टेशन पर रुकते हुए रात साढ़े ग्यारह बजे बलिया पहुंचेगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार अग्निवीर भर्ती में 12 जिलों के एक लाख 43 हजार 286 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

वाराणसी, चंदौली, मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों से अपील है कि शांति व्यवस्था बनाए रखें। चेताया कि सरकारी संपत्ति की क्षति करने वालों को चिह्नित कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अग्निवीर सेना भर्ती में चौथे दिन अभ्यर्थियों के सफल होने का ग्राफ बढ़ा। शनिवार को 367 अभ्यर्थियों ने दौड़ में सफलता प्राप्त की। देवरिया के कैम्पियरगंज और देवरिया, रुद्रपुर तहसील के 6241 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जबकि पंजीकृत 7819 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। छावनी क्षेत्र के रणबांकुरे मैदान में रविवार को सोनभद्र के घोरावल, देवरिया के भाटपार रानी, बरहज और सलेमपुर तहसीलों के 7271 अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। रणबांकुरे मैदान में सुबह पांच बजे ही अभ्यर्थियों की दौड़ शुरू हो रही है। 1600 मीटर दौड़ में सफल होने वाले अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों और शारीरिक दक्षता की जांच हो रही है। दस्तावेज में गड़बड़ी करने वाले अभ्यर्थियों को तुरंत बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। किसी के आधार कार्ड तो किसी के हाईस्कूल सर्टिफिकेट में गड़बड़ी पकड़ी जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार स्कैनिंग सिस्टम के जरिए सभी गड़बड़ियों का स्कैन कर लिया जा रहा है।